# कार्यालय संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एंव दिव्यांगजन सशक्तिकरण
## रीवा संभाग रीवा, (म0प्र0)

E-Mail-pswrew@mp.nic.in दूरभाष क0 07662–254095

कमांक / सु0से0 / 2023–24 / 1706 रीवा, दिनांक 3/8/23

प्रति,

आयुक्त
जनसम्पर्क म0प्र0 भोपाल
(विज्ञापन शाखा)

विषयः– जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र रीवा में रिक्त पदों की पूर्ति विज्ञापन प्रकाशित किये जाने के संबंध में।

–––00–––

विषयान्तर्गत जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र रीवा में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पदवार विज्ञापन तैयार किया गया हैं।

उपरोक्त विज्ञापन पत्र के संलग्न आपकी ओर प्रेषित किया जाकर अनुरोध है कि शासन नियमानुसार उक्त विज्ञापन राज्य स्तरीय / स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

**संयुक्त संचालक**
**सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण**
**रीवा संभाग रीवा म0प्र0**

पृ0कमांक / सु0से0 / 2023–24 / 1707 रीवा, दिनांक 3/8/23

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, सामाजिक न्याय एंव दिव्यांगजन सशक्तिकरण म.प्र.भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, सामाजिक न्याय एंव दिव्यांगजन सशक्तिकरण म.प्र.भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. कलेक्टर हजला रीवा की ओर सूचनार्थ।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रीवा की ओर सूचनार्थ।
5. जिला रोजगार अधिकारी, जिला रीवा की ओर सूचनार्थ।
6. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला रीवा की ओर एक प्रति एन.आई.सी. रीवा के पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

**संयुक्त संचालक**
**सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण**
**रीवा संभाग रीवा म0प्र0**

कार्यालय संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन
सशक्तिकरण, रीवा संभाग रीवा
/विज्ञापन/

क्रमांक / 1706 /स्थापना/2023/

दिनांक 31.08.2023

दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केन्द्र रीवा के संचालन हेतु मानदेय के आधार पर विभिन्न पदो पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र निम्नलिखित पदो हेतु निर्धारित प्रारूप में दिनांक 15.09.2023 सायं 5.30 तक आमंत्रित किये जाते है पद की योग्यताए एवं मानदेय नीचे दर्शाये अनुसार है ।

| क्र. | पद का नाम | योग्ताएं | पदों की संख्या | मानदेय प्रति माह |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हियारिंग असिस्टेंट जूनियर स्पीच थेरापिस्ट (ईएर मोल्ड टेक्निशियन) | श्रवण यंत्रों की जानकारी/मरम्मत/कर्ण मोल्ड बनाने के साथ वाक् एवं श्रवण में डिप्लोमा। स्पीच एंड हियरिंग तकनीशियन पात्रता हिंयरिंग लैंग्वेज और स्पीच में डिप्लोमा (डीएचएलएस)। ईयर, मोल्ड तकनीशियन पात्रता हिंयरिंग एड रिपेयर और ईयर मोल्ड प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा (डीएचएआरईएमटी) | 01 | 16,000 |
| 2 | ट्रान्स डिसिप्लिन स्पेशल एडुकेटर | (1) श्रवण बाधिता में डीईएडएसई/बीईएडएसई | 01 | 14,500 |

नियम एवं शर्तेः–

1. उपरोक्त सभी 02 पद एकांकी होने से आरक्षण प्रावधान से मुक्त होगें ।
2. सभी पद शासन द्धारा निश्चित मानदेय पर स्वीकृत हुए है । उक्त पद पर चयनित उम्मीदवार का भविष्य में नियमितिकरण किये जाने हेतु कोई भी दावा/वाद स्वीकार एवं मान्य नही होगा ।
3. नियुक्ति पूर्णतः संविदा पर एक वर्ष के लिए रहेगी । किसी भी एक पक्ष द्धारा एक माह के पूर्व नोटिस पर किसी भी समय सेवाएं समाप्त की जा सकती है । एक वर्ष के पश्चात सेवाएं संतोषप्रद पाए जाने पर पुनः सेवा मे वृद्धि की जा सकेगी ।
4. चयनित उम्मीदवार की नियक्ति के पूर्व पुलिस विभाग से चरित्र सत्यापन एवं मेडिकल करवाया जावेगा । अनुकूल प्रतिवेदन प्राप्त होने पर ही नियुक्ति आदेश जारी किया जावेगा ।
5. उम्मीदवार का चयन मेरिट/काउन्सलिंग/साक्षात्कार जैसी भी स्थिति होगी जिला प्रबन्धक दल (डीएमटी) द्धारा तय की जावेगी । जिसके संबन्ध मे कोई बाद–विवाद मान्य नहीं किया जावेगा ।
6. निर्धारित योग्यता की शर्ते पूर्ण नहीं करने स्थिति में आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माना जावेगा । जिसके संबन्ध में प्रथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी ।
7. आयु न्यूनतम एवं अधिकतम शासन के नियमानुसार होगी ।
8. आवेदन पात्र पाये जाने पर आवश्यकतानुसार साक्षात्कार/काउन्सलिंग की सूचना उनके आवेदन पत्र में दर्शाये गये वर्तमान पत्र व्यवहार के पते ही दी जावेगी ।
9. आवेदक आवेदन पत्र के लिफाफे के उपर आवेदित पदनाम का उल्लेख अवश्य करें ।
10. न्यूनतम एवं अधिकतम आयु की गणना रिक्त पदो के विज्ञप्ति के कलेण्डर वर्ष 01 जनवरी 2023 के सन्दर्भ में की जावेगी
11. विवाद की स्थिति मे अंतिम निर्णय कलेक्टर जिला रीवा का ही मान्य होगा ।
12. यदि कोई अभ्यार्थी विज्ञापित पदों में से एक से अधिक पदो के लिये आवेदन प्रस्तुत करना चाहता है तोऐसे पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करने होगें । एक आवेदन पत्र एक ही पद के लिये स्वीकार्य होगा ।
13. जो आवेदक पूर्व में नियोजित है उन्हे आवेदन पत्र के साथ अपने नियोजक का अनापत्ति प्रमाण पत्र सलग्न करना आवश्यक होगा ।
14. आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए गये सभी प्रमाण–पत्रों/अभिलेखो की छायाप्रति स्वयं के द्धारा प्रमाणित होना आवश्यक है
15. उक्त पदों पर चयनित प्रतिभागीयों (तकनीकी) अनुक्रमांक 01 से 02 तक को जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास परिषद अधिनियम 1992 को भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) में पंजीबद्ध होना आवश्यक है ।
16. अन्तिम तिथि 15.09.2023 सायं 5.30 बजे के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
17. आवेदन पत्र कार्यालय सयुक्त संचालक,सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण जिला रीवा संभाग रीवा म0प्र0, नवीन कलेक्ट्रट प्रथम तल कमरा न0 20 में पते पर सीधे जमा किये जा सकते है अथवा डॉक द्धारा प्रेषित किये जा सकते है । डाक के माध्यम से दिनांक 15.09.2023 के बाद प्राप्त आवेदन पत्र शामिल नहीं किये जावेगें ।
18. उक्त विज्ञापन से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी /शर्ते/आवेदन पत्र का प्रारूप जिले की बेवसाईट www.rewa.nic.in मे देखी जा सकती है ।

31/8/23

संयुक्त संचालक,
सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
रीवा संभाग रीवा (म.प्र.)